देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.01.2025
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राष्ट्रीय खेल, प्रदेश के लिए खेलों के क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय साबित होगा।
- भारतीय रेलवे ने 130 किलीमीटर प्रति घंटे की रेल गति हासिल करने के लिए 23 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों के उन्नयन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।
- रानीखेत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छावनी परिषद ने होम फार्म मार्ग पर इकोलॉजिकल पार्क बनाया।

राष्ट्रीय खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कडे प्रबंध किए गए हैं। श्री मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक, पुलिस ने रूट प्लान तय कर लिया है और रूट प्लान को लेकर पुलिस अर्लट है। इस बीच, .भारतीय ओलंपिक संघ अध्यक्ष पीटी ऊषा समेत कई मेहमान देहरादून पहुंच चुके हैं। प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि हर खेल में उस देश से उपकरण मंगाए गए हैं, जिनकी गुणवत्ता विश्वस्तरीय मानी जाती है। सभी आयोजनों के लिए उपकरण इंस्टॉल किए जा चुके है। प्रदेश में विश्व स्तरीय खेल मैदान और साइकिलिंग वेलोड्रोम जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। राष्ट्रीय खेलों की उत्तराखंड अपने इतिहास में पहली बार मेजबानी कर रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखण्ड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और राज्य सरकार ने इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यह आयोजन राज्य के लिए खेलों के क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय साबित होगा। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी तक होने वाला यह ऐतिहासिक आयोजन प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा और सामूहिक भावना को प्रोत्साहित करेगा।

रेखा आर्या

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आज शाम 6 बजे से राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत होगी।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों में 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के लगभग दस हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उत्तराखंड के 8 जिलों के 11 शहरों में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों के दौरान 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं आयोजित की जानी हैं। खेलों में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ियों और अतिथियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। खिलाड़ियों और स्टाफ को मिलाकर 16 हजार से अधिक लोगों के उत्तराखंड पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। खेल प्रतियोगिताएं 14 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। उम्मीद की जा रही है कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से न केवल खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा, बल्कि उत्तराखंड के पर्यटन और खेल संस्कृति को भी नई पहचान मिलेगी।

भारतीय रेल

भारतीय रेल ने 23 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों के उन्नयन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे रेलगाडियों की गति बढ़ाकर 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त 54 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों को रेलगाडियों की एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिए उन्नत किया गया है। भारतीय रेल ने कहा है कि इससे विभिन्न क्षेत्रों में निर्बाध संपर्क सुनिश्चित किया जा सकेगा और रेलवे की परिचालन क्षमता भी बढेगी।

इकोलॉजिल पार्क

पर्यटन नगरी रानीखेत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छावनी परिषद ने होम फार्म मार्ग पर इकोलॉजिकल पार्क बनाया है। इसका लोकार्पण छावनी परिषद के अध्यक्ष कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने किया। उन्होंने बताया कि पार्क का नाम कुमाऊं रेजीमेंट के वीर चक्र प्राप्त मेजर श्यामल सिन्हा के नाम पर रखा गया है। इकोलॉजिकल पार्क के बनने से क्षेत्र में जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय लोग यहां आकर साहसिक गतिविधियां और योग कर सकेंगे। हर्बल पार्क में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आयुर्वेदिक पौधों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने उन्होंने कहा कि छावनी परिषद रानीखेत में लगातार एडवेंचर और टूरिज्म को लेकर प्रयासरत रहता है।

चमोली यूसीसी

प्रदेश में कल से समान नागरिक संहिता—यूसीसी लागू हो गई है। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत नागरिक कानूनों का मानकीकरण करना है। वहीं राज्य के विभिन्न जिलों में लोगों ने राज्य में यूसीसी लागू होने का स्वागत किया है। चमोली जिले के लोगों ने भी इसका स्वागत किया है। जिला प्रशासन ने इस संबंध में पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि तहसील स्तर पर एसडीएम को रजिस्ट्रार और नगर क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सब रजिस्ट्रार नामित किया गया है।

अब सुनते हैं कि आम लोगों की यूसीसी को लेकर क्या प्रतिक्रिया है।

सड़क सुरक्षा

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर परिवहन विभाग के तत्वाधान में 15 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के तहत चमोली के जिला मुख्यालय गोपेश्वर में छात्रों ने रैली निकाल कर यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने क्लेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। वहीं, सड़क सुरक्षा माह में विभागीय स्तर पर प्रस्तावित कार्यो को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने क्लेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली।